01/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सर्ट के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री मोदी ने मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स 2025 के उद्घाटन के अवसर यह बात कही। उन्होंने कहा कि वैश्विक एनीमेशन बाजार में अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में यह बाजार 4 खरब 30 अरब डॉलर से अधिक का है और अगले दशक में इसके दोगुना होने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश में सेवारत गुजराती और मराठी समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की ओर से गुजरात और महाराष्ट्र के लोगों को उनके राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने 1960 के दशक की शुरुआत में अरुणाचल प्रदेश में शैक्षिक और सामाजिक विकास में मराठी समुदाय द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी याद किया।

00000000000000000

मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 16वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया कि बोर्ड ने एपीएसपीसीबी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, व्हाइट कैटेगरी के तहत चौवन उद्योगों के वर्गीकरण को मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, समिति ने एपीएसपीसीबी की वार्षिक रिपोर्ट की भी समीक्षा की और उसे प्रमाणित किया, जो पारदर्शिता और पर्यावरणीय जवाबदेही के लिए बोर्ड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बोर्ड की बैठक के दौरान निर्धारित डिजिटल परिवर्तन के तहत जुलाई 2025 तक योजना विभाग के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पोर्टल के साथ ऑनलाइन सहमति प्रबंधन और निगरानी प्रणाली का एकीकरण और 31 मार्च 2026 तक सभी श्रेणियों के उद्योगों के लिए OCMMS का पूर्ण ऑनलाइन ट्रांसजिशन शामिल है।

0000000000000000000

राज्य के हवाई संपर्क में एक प्रमुख पहल के तहत, आज आधिकारिक तौर पर दोन्यी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर पर पैसेंजर टर्मिनल के माध्यम से कार्गो का परिचालन शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया कि इस ऑपरेशन से जनता और व्यवसायों को काफी लाभ होगा। श्री खांडू ने यह भी बताया कि इस ऑपरेशन से आवश्यक वस्तुओं, पार्सल और व्यावसायिक कनसाईमेंट की सीधे डिलीवरी होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए इंडिगो एयरलाईंस का आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि, उन्होंने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसमें बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, कनेक्टिविटी को मजबूत करने और समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

0000000000000000000

ऑल अरुणाचल प्रदेश वर्कर्स यूनियन एवं ऑल अरुणाचल प्रदेश लैबर यूनियन द्वारा अरुणाचल प्रदेश बिल्डिंग एण्ड अदर कंस्ट्राक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के सहयोग से आज निरजुली स्थित नियकुम निया ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का पहला संयुक्त मेगा समारोह का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में अरुणाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत बड़ी संख्या में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, शी योमी, दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

00000000000000000000

6th कुमाऊं के मेजर जनरल रिटायर्ड अरविंद भाटिया, ब्रिगेडियर रिटायर्ड डी.एस ग्रेवाल और 1962 के भारत-चीन युद्ध के वालोंग युद्ध के नायक स्वर्गीय ब्रिगेडियर रवि कुमार माथुर के बेटे रथिन माथुर ने अपने दल के सदस्यों के साथ बेंबूसा लाइब्रेरी का दौरा किया और वहां के स्वयंसेवकों से बातचीत की। जनरल भाटिया ने युवा पुस्तकालय आंदोलन की सराहना की और 6th कुमाऊं के अधिकारी कैप्टन केके वेंकटरमण को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अरुणाचल के युवाओं के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

000000000000000000000

भारतीय चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। आयोग अब मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (जैसा कि 2023 में संशोधित किया गया है) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिले।

00000000000000000000